अध्याय - 3 | अपवाह

स्मरणीय तथ्य

- भारत की सबसे लंबी नदी गंगा नदी है ।
- भारत में बहने वाली नदियों को दो भागों में बांटा गया है –
  - (a) हिमालय से निकलने वाली नदियाँ या उत्तर भारत की नदियाँ
  - (b) प्रायद्वीपीय नदियाँ या दक्षिण भारत को नदियाँ।
- गंगा के सहायक नदियों में गंडक कोसी घाघरा महत्वपूर्ण हैं।
- चंबल बेतवा तथा सोन प्रायद्वीपीय नदियाँ यमुना नदी में मिलने के बाद प्रयागराज के समीप गंगा नदी से मिल जाती है।
- प्रायद्वीपीय भारत में मुख्य जल विभाजक का निर्माण पश्चिमी घाट द्वारा होता है।
- प्रायद्वीपीय भारत की प्रमुख नदियाँ महानदी, गोदावरी, कृष्णा, कावेरी, नर्मदा तथा ताप्ती हैं।
- नर्मदा तथा ताप्ती नदी पश्चिम की तरफ बहती है एवं अरब सागर में मिल जाती है।
- गोदावरी नदी को प्रायद्वीपीय भारत की सबसे बड़ी नदी होने के कारण "दक्षिण की गंगा" कहा जाता है।
- नर्मदा तथा ताप्ती नदियाँ डेल्टा का निर्माण नहीं करती बल्कि ज्वारनदमुख बनाती है।
- वुलर झील मीठे पानी की सबसे बड़ी झील तथा सांभर झील खारे पानी की सबसे बड़ी झील है।

बहुविकल्पीय प्रश्न

1. पृथ्वी का कितना प्रतिशत हिस्सा पानी से ढंका है?

a. 50% b. 25%
c. 71% d. 31%

2. नदियों द्वारा अपरदन की क्रिया किस भाग में तेजी से होती है ?

a. ऊपरी भाग b. पिछले भाग
c. मध्य भाग d. इनमें से कोई नहीं।।

3. गोखुर झील का निर्माण नदी की किस अवस्था में ज्यादातर होता है?

a. निचले भाग b. ऊपरी भाग
c. मध्य d. इनमें से कोई नहीं।।

4. निम्न में से कौन प्रायद्वीपीय नदियों की विशेषता नहीं है?

a. प्रायद्वीपीय नदियाँ मौसमी होती है।
b. प्रायद्वीपीय नदियों की लंबाई कम होती है।
c. प्रायद्वीपीय नदियाँ छिछली होती हैं।
d. प्रायद्वीपीय नदियाँ सदानीरा होती है।

5. हिमालय से निकलने वाली नदियों की विशेषता नहीं है-

a. यह नदियाँ सदानीरा होती है।
b. यह नदियाँ लंबी होती है।
c. यह नदियाँ गहरी होती है।
d. यह नदियाँ मौसमी होती है।

6. सिंधु नदी का उद्गम स्थल है-

a. मानसरोवर झील b. गंगोत्री
c. यमुनोत्री d. इनमें से कोई नहीं।।

7. भारत के किस भाग में गंगा मैदानी क्षेत्र में प्रवेश करती है?

a. हरिद्वार b. प्रयागराज
c. कानपुर d. पटना

8. गंगा नदी का उद्गम स्थल कहां है?

a. मानसरोवर झील b. यमुनोत्री
c. गंगोत्री d. इनमें से कोई नहीं।।

9. नमामि गंगे परियोजना का क्या लक्ष्य नहीं है?

a. गंगा नदी को प्रदूषण मुक्त करना।
b. गंगा नदी का संरक्षण करना।
c. गंगा नदी का कायाकल्प करना ।
d. गंगा नदी के अपवाह क्षेत्र को परिवर्तित।

10. गंगा नदी अंततः कहां गिरती है ?

a. बंगाल की खाड़ी b. अरब सागर
c. हिंद महासागर d. इनमें से कोई नहीं।।

11. गंगा नदी की लंबाई कितनी है ?

a. 1500 किलोमीटर b. 2500 किलोमीटर
c. 3000 किलोमीटर d. 3500 किलोमीटर

12. दिहांग के नाम से किस नदी को जाना जाता है?

a. गंगा नदी b. यमुना नदी।
c. सरस्वती नदी d. ब्रह्मपुत्र नदी

13. ब्रह्मपुत्र नदी को तिब्बत में किस नाम से जाना जाता है?

a. सांगपो b. यमुना
c. जमुना d. इनमें से कोई नहीं।।